भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 3029
गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025/27 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

सबेया विमानपत्तन (हथुआ) के भवन का निर्माण

3029. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सबेया विमानपत्तन (हथुआ) के 'उड़ान' योजना के अंतर्गत शामिल होने के बावजूद सरकार द्वारा इसके भवन का निर्माण कार्य अभी भी लंबित है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार को उक्त विमानपत्तन के भवन के निर्माण के संबंध में जन प्रतिनिधियों से कोई पत्र/अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कार्रवाई की गई है; और
(घ) क्या सरकार ने उक्त विमानपत्तन के भवन के निर्माण में तेजी लाने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): 'असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार' योजना के तहत, एक हवाईअड्डा, जिसे 'उड़ान' योजना के तहत अवार्ड किए गए मार्गों में शामिल किया गया है और उड़ान परिचालनों को शुरू करने के लिए उसके उन्नयन/विकास की आवश्यकता है, उसे विकसित किया जाता है। हवाईअड्डे के विकास और उसके तैयार होने पर, चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) इन हवाईअड्डों को जोड़ने वाले अवार्ड किए गए उड़ान मार्गों पर परिचालन शुरू करते हैं।
'उड़ान' योजना के तहत सबेया हवाईअड्डे के विकास और इसे प्रचालनरत करने के अनुरोध संबंधी अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

'उड़ान' योजना दस्तावेज में असेवित हवाईअड्डों की संभावित सूची में सबेया (हथुआ) हवाईपट्टी, बिहार को शामिल किया गया है। तथापि, आज की तारीख तक आयोजित बोली प्रक्रिया के पाँच चरण पूर्ण होने तक आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए सबेया हवाईपट्टी को जोड़ने वाले किसी भी मार्ग के लिए किसी भी एयरलाइन से कोई बोली प्राप्त नहीं हुई है। तदनुसार, 'उड़ान' योजना के तहत पुनरुद्धार के लिए इस हवाईपट्टी के नाम पर विचार नहीं किया गया है।

*****